हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 10 सितंबर 2026

06 रामावतार और नंदोत्सव की कथा सुन भाव-विभोर हुए...



09 अज्ञात चोर छपरा गांव में घर में घुसे व सोने चांदी के जेवर व...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

अग्रसेन जयंती की तैयारियों को लेकर अग्रवाल धर्मशाला में हुई बैठक



गुना। अग्रवाल ट्रस्ट गुना द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 11 अक्टूबर को आयोजित होने वाले अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियों, कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अग्रसेन जयंती महोत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से मनाने को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर बताया गया कि सात दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के विभिन्न ग्रुपों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बैठक में समाज के सभी लोगों से कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सहयोग का आह्वान किया गया। उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए तथा महोत्सव को उत्साहपूर्वक एवं एकजुटता के साथ मनाने पर सहमति व्यक्त की। अग्रवाल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल, सचिव इंजीनियर अनिल अग्रवाल, ओमप्रकाश सिंघल, मनोज बिंदल, जुगल किशोर, जगमोहन बंसल, सुनील तायल एवं अनिल गर्ग सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

नपा ने बाजार से हटाया अतिक्रमण गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई



गुना। नगर पालिका की टीम द्वारा शहर के मुख्य बाजार और प्रमुख सड़कों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई गई। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और शहर में स्वच्छता बनाए रखना है। जानकारी क अनुसार सीएमओ शैलेश अवस्थी के निर्देशानुसार नपा टीम ने हाट रोड और जगदीश कॉलोनी रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। टीम ने सड़कों और फुटपाथों पर अवैध रूप से लगाए गए अतिक्रमण को हटवाया। साथ ही, सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़े ठेलों को व्यवस्थित स्थानों पर लगवाया गया, ताकि आमजन और वाहन चालकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, स्वच्छता नियमों का उल्लंघन कर सड़कों पर कचरा व गंदगी फैलाने वाले ठेले वालों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए चालानी कार्रवाई की गई। टीम ने सभी फल-सब्जी और खान-पान के ठेले वालों को अनिवार्य रूप से अपनी दुकानों व ठेलों पर डस्टबिन रखने की सख्त हिदायत दी।

सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर व गैस सिलेंडर चोरी

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सकतपुर रोड पर एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और गैस सिलेंडर पार कर दिया। फरियादिया पूनम लोधी ने कैंट थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। फरियादिया के अनुसार, वह गत दिवस को अपने घर में ताला लगाकर बच्ची के साथ मायके शिवपुरी गई हुई थीं। जब वह वापस घर लौटीं, तो मेन गेट का ताला टूटा मिला। कमरे की अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे चांदी के आभूषण करधनी, पायल, चूड़ा, सोने के टॉस और रसोई से गैस सिलेंडर गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जनाक्रोश रैली में उमड़ा सैलाब, नारेबाजी करते कलेक्टोरेट में सौंपा ज्ञापन

मुंडन करा सांसद, विधायक और सरकार की निकाली शवयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



आरक्षण में संशोधन, एट्रोसिटी एक्ट के दुरुपयोग पर रोक और यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने की मांग को लेकर सवर्ण संघर्ष मोर्चा का गुस्सा अब सड़कों पर भड़क उठा है। पिछले एक सप्ताह से हनुमान चौराहे और पुरानी तहसील के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे सवर्ण समाज के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उग्र सवर्णजनों ने क्षेत्र के सांसद, क्षेत्रीय विधायक और केंद्र सरकार की बाकायदा सांकेतिक अर्थी निकाली।

इस दौरान आंदोलनकारी कार्यकर्ताओं ने सिर मुंडवाकर अर्थी के आगे रुदन और विलाप किया। अर्थी जुलूस के आगे-आगे जलती हुई अग्नि का पात्र लेकर चल रहे युवाओं और पीछे सांसद, विधायक एवं केंद्र सरकार के खिलाफा नारे लगाए। इस दौरान अर्थियों का हनुमान चौराहे पर अंतिम संस्कार किया गया। लंबे अर्से बाद इतना विशाल जुलूस शहर की सड़कों पर देखा गया।

बुधवार को सवर्ण संघर्ष मोर्चा द्वारा आहूत गुना बंद का असर शहर भर में मिला-जुला देखने को मिला, लेकिन जनाक्रोश रैली में भारी जनसैलाब उमड़ा। यह ऐतिहासिक एवं उग्र रैली शहर के लक्ष्मीगंज से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौराहा, सदर बाजार, निचला बाजार, रपटा और हाट रोड से होती हुई हनुमान चौराहे के रास्ते सीधे कलेक्टोरेट परिसर पहुंची। इस विशाल रैली में न केवल गुना जिले के ग्रामीण व शहरी अंचलों के लोग शामिल हुए, बल्कि पड़ोसी जिलों अशोकनगर, शिवपुरी, राजगढ़, भोपाल और ग्वालियर सहित प्रदेश के बाहर से आए कई सामाजिक संगठनों और सवर्ण समाज बंधुओं ने भी बढ़-चढक़र हुंकार भरी। जुलूस के दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए कहा कि वोट बैंक की खातिर सामाजिक समरसता और भाईचारे के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया जा रहा है। कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से देश के राष्ट्रपति के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई सवर्ण समाज संघर्ष मोर्चा ने प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन में मुख्य रूप से यूजीसी इक्विटी रेगुलेशंस 2026 के प्रावधानों पर पुनर्विचार कर व्यापक राष्ट्रीय विमर्श कराने, किसी भी शिकायत की निष्पक्ष, स्वतंत्र, समयबद्ध एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने, केवल आरोप के आधार पर किसी को दोषी न मानने तथा झूठी व दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की व्यवस्था करने, अपराध समान होने पर बिना किसी जातीय भेदभाव के न्याय की समान कसौटी लागू करने, आरक्षण व्यवस्था के व्यावहारिक प्रभावों, बदलती आर्थिक परिस्थितियों और वास्तविक लाभार्थियों का अध्ययन करने हेतु स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति का गठन करने, सभी वर्गों के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति तथ किसी भय के शिक्षा का वातावरण निर्मित करने की मांग की है।

हादसाः गादेर घाटी पर मची अफरा-तफरी

चलते ट्रक से अचानक उठने लगी आग की भीषण लपटें



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नेशनल हाईवे क्रमांक 46 स्थित गादेर घाटी के समीप बुधवार तड़के एक सड़क हादसा घटित हो गया, जहां बुरहानपुर से शिवपुरी की ओर केले की खेप लेकर जा रहा एक आयशर ट्रक अचानक भीषण आग की चपेट में आ गया। सुबह लगभग 5 बजे जब वाहन गादेर घाटी के ढलान से गुजर रहा था, तभी अचानक उसमें से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। स्थिति को भांपते हुए चालक राहुल सौंधिया और क्लीनर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया और कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे के बाद आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए। पीड़ित चालक का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद डायल 112 को सूचना दी गई, परंतु वे काफी देर तक केवल लोकेशन की जानकारी ही लेते रहे और मौके पर समय पर नहीं पहुंचे। इस बीच मार्ग से गुजर रही पुलिस की प्रथम रिस्पांस व्हीकल (एफआरवी) की नजर जलते हुए वाहन पर पड़ी। एफआरवी कर्मियों ने बिना समय गंवाए तत्काल जिला मुख्यालय संपर्क कर दमकल वाहन (फायर ब्रिगेड) को रवाना करने का संदेश दिया। सूचना मिलते ही गुना से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। हालांकि, जब तक दमकल वाहन पहुंचता, तब तक ट्रक और उसमें लदे लाखों रुपये के केले जलकर स्वाहा हो चुके थे।

गुना के होनहार हॉकी खिलाड़ी

चरण सिंह का मप्र हॉकी अकादमी भोपाल में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के प्रतिभाशाली युवा हॉकी खिलाड़ी चरण सिंह ने एक बार फिर गुना का गौरव बढ़ाया है। चरण सिंह का चयन मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी, भोपाल में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर जिला हॉकी संघ, गुना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। जिला हॉकी संघ के सचिव बृजेश दुबे बॉबी ने बताया कि चरण सिंह इससे पूर्व स्कूल नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। लगातार अच्छे प्रदर्शन, अनुशासन और नियमित अभ्यास के बल पर उन्होंने प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी में उनका चयन उनकी निरंतर मेहनत और खेल प्रतिभा का परिणाम है।

जिला हॉकी संघ, गुना ने कहा कि चरण सिंह की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और प्रशिक्षकों, बल्कि पूरे गुना जिले के हॉकी परिवार के लिए गौरव का विषय है। उनका चयन जिले के अन्य उभरते खिलाड़ियों को भी उच्च स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित करेगा। संघ ने विश्वास व्यक्त किया कि मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण एवं बेहतर खेल सुविधाओं का लाभ लेकर चरण सिंह अपने खेल को और निखारेंगे तथा भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुना और मध्य प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

कंजरों के डेरों पर तड़के दी दबिश, बल को देखकर आरोपी मौके से फरार

जहरीली शराब के विरुद्ध आबकारी-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 14 लाख की सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



सागर जिले में जहरीली शराब से हुई घटना के बाद अवैध एवं जहरीली शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुना जिले में आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक हितिका वासल एवं उपायुक्त संभाग ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट तथा एसडीओपी राघौगढ़ एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारियों इंद्रपाल सिंह बाल्के एवं एल.आर. करोसिया के मार्गदर्शन में 9 सितंबर को तड़के ग्राम राजपुरा, गोचा आमल्या, बरसत एवं मधुसूदनगढ़ में दबिश दी गई। राजपुरा स्थित कंजरों के डेरों में आबकारी एवं पुलिस बल को देखकर हड़कंप मच गया और कई संदिग्ध मौके से फरार हो गए। तलाशी के दौरान पठार एवं झाड़ियों के बीच प्लास्टिक की केनों में हाथभट्टी मदिरा भरी मिली। इसके अलावा प्लास्टिक के ड्रमों एवं मिट्टी की कनारियों में गुड़-महुआ लाहन भरा हुआ पाया गया। टीम ने लाहन के नमूने लेकर शेष सामग्री को मौके पर नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान एक होंडा मोटरसाइकिल पर 30-30 लीटर क्षमता वाली दो केनों में हाथभट्टी मदिरा बंधी हुई मिली, जिसे कहीं ले जाने की तैयारी थी।

आबकारी विभाग ने कुल 370 लीटर हाथभट्टी मदिरा, 8,600 किलोग्राम गुड़-महुआ लाहन एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 14 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस बल द्वारा भी अवैध मदिरा सामग्री जब्त की गई। कार्रवाई के संबंध में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)ए, 34(2) एवं 49(ए) के तहत कुल चार प्रकरण दर्ज किए गए हैं। आरोपियों की पहचान एवं मामले की विवेचना जारी है। इस संयुक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक राधाकिशन, मोहनीष शर्मा एवं वर्धमान जैन, आबकारी मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आबकारी आरक्षक दिनेश कुमार राठौर, अरुण कुमार शर्मा एवं गोविंद सिंह मीना, महिला आरक्षक जेम्मा एक्का सहित पुलिस विभाग के बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

शादी समारोह में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल


गुना। जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीनागंज में मैरिज गार्डन के भीतर बंदूक से हर्ष फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित वैधानिक कार्रवाई की है। मामला बीट भ्रमण के दौरान पुलिस के संज्ञान में आया था, जिसके बाद पुलिस ने वायरल वीडियो की बारीकी से तस्दीक कराई। जांच और जनसामान्य से पूछताछ के दौरान फायरिंग करने वाले युवक की पहचान शिवा पुत्र वीरेंद्र राजपूत, निवासी बीनागंज के रूप में हुई। आरोपी बसंत बिहार गार्डन में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान लापरवाही और उतावलेपन से अपनी राइफल से फायर करता हुआ दिखाई दे रहा है। इस प्रकार खुलेआम फायरिंग से आमजन के जीवन को संकट में डालने पर चांचौड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 एवं 25(9) आम्र्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

शादी करने का दबाव बनाकर युवती से मारपीट

गुना। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़े बालाजी रोड निवासी एक युवती के साथ उसके ही पड़ोसी द्वारा रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। फरियादिया ने अपनी मां के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। फरियादिया के अनुसार गत दोपहर करीब 1 बजे वह बाजार से सामान लेकर स्कूटी द्वारा घर लौट रही थी। तभी हरिपुर रोड स्थित एसबीआई कियोस्क बैंक के पास उसका पड़ोसी जोगिन्दर पारदी मिला। आरोपी ने रास्ता रोककर युवती पर दीपक नाम के युवक से शादी न करने का दबाव बनाया। जब युवती ने मना किया, तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ मारने लगा, जिससे उसके सिर व गालों में चोटें आईं। मौके पर मौजूद छोटे भाई आकाश व जीतू कोरी ने बीच-बचाव किया। जाते-जाते आरोपी ने शादी करने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

गाय को लात मारने पर बुजुर्ग व्यक्ति से रगड़वाई नाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के जामनेर कस्बे में गौवंश को हटाने के विवाद में एक बुजुर्ग व्यक्ति से अमानवीय व्यवहार करने का मामला सामने आया है। गाय को कथित तौर पर लात मारने से उग्र हुए हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक बुजुर्ग मुस्लिम व्यक्ति को बीच सड़क पर गाय के सामने दंडवत प्रणाम करवाकर और जमीन पर नाक रगड़वाकर माफी मांगने पर मजबूर कर दिया। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसके वायरल होते ही प्रशासनिक और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, गुना के कैंट निवासी बुजुर्ग जमीलउद्दीन शटर और लोहे के काम से जुड़े हैं। वे विगत दिनों एक पिकअप वाहन में सामान लादकर जामनेर स्थित देवेंद्र सोनी के निवास पर डिलीवरी देने गए थे। सामान उतारने के दौरान रास्ते में बैठी गाय को हटाने के उद्देश्य से जमीलउद्दीन ने उसे पैर से हटाने का प्रयास किया।

सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड

यह दृश्य पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया और आसपास मौजूद लोगों की नजर इस पर पड़ गई। देखते ही देखते मौके पर बजरंग दल और अन्य हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया। माहौल को तनावपूर्ण होता देख स्थानीय लोगों ने बुजुर्ग को अपने घर में शरण देकर भीड़ से बचाया। हालांकि, बाद में भारी दबाव के बीच बुजुर्ग से गाय के समक्ष जमीन पर नाक रगड़कर माफी मंगवाई। घटना के संदर्भ में जामनेर थाना प्रभारी मनोज मेहरा का कहना है कि चार दिन पूर्व हुई इस घटना में गाय को पैर मारे जाने के बाद मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने पूछताछ की थी, जिसके बाद बुजुर्ग ने वहीं माफी मांग ली थी। थाना प्रभारी के अनुसार, वर्तमान तक दोनों में से किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, जिसके चलते पुलिस ने अभी तक कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की है।

आरोन में हुआ जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



आरोन। मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार आरोन के राजा बलभद्र सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के राघौगढ़, आरोन, चांचौड़ा, गुना एवं बमोरी विकासखंड की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग अंडर-19 एवं अंडर-17 में आरोन की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं बालिका वर्ग अंडर-17 में बमोरी की छात्राओं ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत दर्ज की। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में गुना जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अरविन्द रघुवंशी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक आबिद खान उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी समरसिंह द्वारा गठित समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला क्रीड़ा अधिकारी ओपी शर्मा के मार्गदर्शन तथा देवेन्द्र शर्मा, प्रवीण खांडेकर, मुकुंद शर्मा, मदन महामन, साधना भार्गव एवं देवेन्द्र देव के सहयोग से प्रतियोगिता संपन्न हुई।

वंदना कॉन्वेंट स्कूल के छात्र बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

इंदौर संभाग में आयोजित सीबीएसई बास्केटबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की 45 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में वंदना कॉन्वेंट स्कूल, गुना के अंडर-14 वर्ग के 9 छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया और ब्रॉन्ज मेडल के साथ रनर-अप ट्रॉफी हासिल कर विद्यालय, नगर एवं जिले का नाम रोशन किया। टीम ने कोच जितेंद्र यादव एवं मैनेजर प्रेमसिंह यादव के मार्गदर्शन में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। छात्रों की इस उपलब्धि पर जिले के जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक ने उनसे मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यालय की प्राचार्या सि. जैन्सी ने भी खिलाड़ियों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में निरंतर प्रगति एवं सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

समाचार संक्षेप

सानई में कल निःशुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

चाचौड़ा। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर द्वारा राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम सानई के पंचायत परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी। मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर भेजा जाएगा।

कमल किशोर नागर महाराज को धमकी भरा पत्र मिलने से चिंता, कार्रवाई की मांग



अशोकनगर। मालवा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध संत एवं गौसेवा, धार्मिक एवं सामाजिक जागरण के लिए समर्पित कमल किशोर नागर महाराज को धमकी भरा पत्र प्राप्त होने का मामला सामने आया है। पत्र की भाषा एवं विषयवस्तु को गंभीरता से लेते हुए संत की सुरक्षा तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, गहन एवं शीघ्र जांच की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार, 04 सितंबर 2026 को शबरी गौशाला, भूरा डाबरा, जिला झाबुआ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक एवं सत्संग कार्यक्रम में संत श्री कमल किशोर जी नागर महाराज उपस्थित थे। इसी कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भेंट स्वरूप दी गई सामग्री, शॉल एवं श्रीफल आदि के बीच एक धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ। पत्र में प्रयुक्त भाषा एवं उसकी विषय वस्तु को गंभीर एवं चिंताजनक बताते हुए कहा गया है कि यह केवल किसी संत-महापुरुष के प्रति व्यक्तिगत अथवा धार्मिक असम्मान का विषय नहीं है, बल्कि इससे सामाजिक समरसता, सांप्रदायिक सौहार्द, धार्मिक आस्था एवं जनभावनाओं के प्रभावित होने की आशंका है। इस संबंध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को पुलिस अधीक्षक, जिला अशोकनगर के माध्यम से आवेदन/ज्ञापन प्रेषित कर कार्यवाही की मांग की गई है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित युवा खेल सम्मेलन का भूमिपूजन संपन्न

पिपरई। नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, खंड पिपरई द्वारा आयोजित होने वाले युवा खेल सम्मेलन के तहत कबड्डी, खो-खो एवं रस्सी खींच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर बुधवार को विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक भूमिपूजन संपन्न



हुआ। इस युवा सम्मेलन में पिपरई खंड के समस्त क्षेत्रों से युवा वर्ग भाग ले सकता है। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास, राष्ट्रभावना एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। आयोजकों ने कहा कि युवा शक्ति को संगठित कर उसे राष्ट्र निर्माण की दिशा में सकारात्मक रूप से लगाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। खेलों के माध्यम से युवाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का भी प्रयास किया जाएगा। 10 सितंबर को सुबह 11 बजे से मण्डी ग्राउन्ड में यह आयोजन होगें।

ग्राम चिरोला में भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

रामावतार और नंदोत्सव की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, गूंजे जयघोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



ग्राम चिरोला (तिरैटी) में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताह महोत्सव में श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास पंडित रामदयाल शास्त्री महाराज ने भगवान श्रीराम के अवतार, भगवान श्रीकृष्ण के जन्म एवं नंदोत्सव का अत्यंत भावपूर्ण और भक्तिमय वर्णन किया।

पंडित रामदयाल शास्त्री ने कथा में बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होने लगती है, तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग, सत्य और धर्म का संदेश देता है, वहीं भगवान श्रीकृष्ण का अवतार प्रेम, भक्ति, कर्मयोग और अधर्म के विनाश का दिव्य संदेश देता है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आते ही पूरा कथा पंडाल "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के दर्शन कर पुष्पवर्षा की और भक्ति भाव से जन्मोत्सव मनाया।

नंदोत्सव ने बांधा समां: भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद मनाए गए नंदोत्सव का दृश्य देखते ही बन रहा था। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और भगवान के बाल स्वरूप के दर्शन कर मंगलकामनाएं कीं। कथा स्थल पर भजन, कीर्तन वातावरण ऐसा भक्तिमय हो गया कि महिला, पुरुष और बच्चे सभी कृष्ण भक्ति में झूमते नजर आए।

और जयघोष से पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया। श्रद्धालुओं ने नंद बाबा और माता यशोदा के आनंद के प्रसंग को बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ सुना। पंडित रामदयाल शास्त्री महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य प्रेरणा है। भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र हमें विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य के मार्ग पर चलते रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में भगवान के प्रति श्रद्धा, माता-पिता के प्रति सम्मान, समाज के प्रति सेवा भाव और अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा रखनी चाहिए। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनके दिव्य स्वरूप का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

तृतीय चरण आंदोलनः लिपिक संघ 12-13 सितंबर को दो सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



मध्यप्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश के 55 जिलों में 12 एवं 13 सितंबर को कैबिनेट मंत्री, सांसद एवं विधायकों को मुख्यमंत्री के नाम दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह आंदोलन संघ के तृतीय चरण के तहत किया जा रहा है।

संघ के प्रांताध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा सीपीसीटी के सरलीकरण को लेकर दो बार घोषणा किए जाने के बावजूद शासन स्तर से अब तक आदेश जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मैदानी लिपिकों को मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान एवं ग्रेड-पे दिया जाना उनका संवैधानिक अधिकार है। साथ ही, समान कार्य-समान वेतन के संबंध में न्यायालय के निर्णय का भी पालन नहीं किया जा रहा है। संघ ने सभी प्रांतीय, संभागीय, जिला एवं तहसील अध्यक्षों के साथ अनुकंपा नियुक्ति लिपिकों एवं सभी लिपिक साथियों से तृतीय चरण के आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। संघ द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिले में कैबिनेट मंत्री, विधायक, सांसद एवं महापौर को जिला शाखा अध्यक्ष, प्रांतीय पदाधिकारियों एवं अनुकंपा नियुक्ति लिपिकों सहित बड़ी संख्या में लिपिकों के हस्ताक्षरयुक्त दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही जनप्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम मांगों के समर्थन में पत्र लिखने का आग्रह किया जाएगा।

चतुर्थ समयमान वेतनमान की अंतर राशि के भुगतान की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

शासकीय सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर संघ शाखा आरोन की मासिक बैठक 8 सितंबर को स्थानीय डाक बंगले में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद दुबे ने की। बैठक में पात्र सेवानिवृत्त शिक्षकों को शासन के आदेशानुसार चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ दिए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस संबंध में पेंशनर संघ की ओर से विकासखंड शिक्षा अधिकारी, आरोन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि पात्र सेवानिवृत्त शिक्षकों के रिवाइज्ड पीपीओ (PPO) शीघ्र जारी कर अंतर राशि के भुगतान की कार्यवाही प्रारंभ की जाए, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शासन के आदेशानुसार उनके हक का लाभ समय पर मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ अध्यक्ष विष्णु प्रसाद दुबे, सचिव कमर लाल बुनकर, जगराम कुशतवार, हरिशंकर गहलोत, राजेंद्र कुमार जैन, मंगल सिंह राजपूत, हरवीर सिंह रघुवंशी, अमर सिंह रघुवंशी, गिरिजा शंकर शर्मा, राजवीर सिंह कुशवाहा, कबूलचंद खरे, सेवाराम नौरोजी, पूरनचंद शिवहरे, मेहताब सिंह अहिरवार, भगवत सिंह नरवरिया एवं राधेश्याम भार्गव सहित अनेक पेंशनर साथी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए उनके निराकरण के लिए आवश्यक प्रयास करने पर भी सहमति व्यक्त की।

दशलक्षण महापर्व में होंगे विविध धार्मिक कार्यक्रम अनंत चतुर्दशी पर निकलेगी भव्य रथ शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



जैन धर्म के सबसे बड़े महापर्व दशलक्षण महापर्व (पर्यूषण पर्व) एवं क्षमा वाणी महापर्व इस वर्ष आरोन नगर में बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। यह महापर्व संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि निरोग सागर महामुनिराज के सानिध्य में मनाया जाएगा। मुनिश्री के सानिध्य में होने वाले इस 10 दिवसीय दशलक्षण महापर्व के दौरान प्रतिदिन नगर के बड़े जैन मंदिर जी में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।


जानकारी के अनुसार पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल में भगवान का महाभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान, दोपहर में मुनि की निरोग सागर प्रवचन माला के अंतर्गत मंगल प्रवचन एवं बच्चों व युवाओं के लिए विशेष मंगल क्लास लगेगी। मुनिश्री अपने प्रवचनों में दशलक्षण धर्म - उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य के वास्तविक स्वरूप को सरल भाषा में समझाएंगे। महाराज ने कहा है कि यदि जीवन में इन दस धर्मों को अपना लिया जाए तो मनुष्य का जीवन ही नहीं, बल्कि पूरा समाज निरोग और सुखी हो सकता है। क्षमा ही सबसे बड़ा धर्म है।

अनंत चतुर्दशी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा: महापर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भव्य रथ शोभायात्रा पूरे नगर में भ्रमण के लिए निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में इंद्र-इंद्राणियां, बैंड-बाजे एवं धर्म प्रेमी शामिल होंगे। शोभायात्रा का जगह-जगह नगरवासियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। उसी दिन क्षमा वाणी महापर्व भी परम पूज्य मुनि के सानिध्य में बड़ी ही विनम्रता के साथ मनाया जाएगा, जहां सभी एक-दूसरे से उत्तम क्षमा कहकर क्षमा याचना करेंगे।इस पावन महापर्व को लेकर सकल दिगंबर जैन समाज में खासा उत्साह है। तैयारियों को लेकर समाजजनों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष विजय डोडिया, उपाध्यक्ष शिखर कलेसिया, धनपाल, शैलेश बाखर जैकी मोनू जैन,पारस, गौरव वडडन सौरभ सनी नारद, चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष संतोष कलेसिया नरेश चंद मिंटुलाल बाखर संटु कांसल सहित सकल जैन समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम की जानकारी प्रचार मंत्री केके सरकार द्वारा दी गई।

धर्मसभा को सुनने के लिए उमड़ रही भीड़

प्रतिमा में भगवान हो न हों, प्रति मां में भगवान जरूर होता है: मुनिश्री निरंजन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइन्स ऑफ लिविंग के इस सत्र में मुनिश्री जी ने धर्मसभा को संबोधित करते माँ के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा माँ भले ही पढ़ी-लिखी हो या नहीं हो, परन्तु संसार का दुर्लभ व सबसे महत्वपूर्ण ज्ञान माँ से ही प्राप्त होता है।

नारी का सर्वोच्च पद है माँ। आज विश्व में जितने भी महान व्यक्तित्व हैं उन सभी का जन्म माँ से ही हुआ है। जैन दर्शन में गर्भ संस्कारों का विशेष उल्लेख है और उन संस्कारों को भी माँ अपने गर्भस्थ शिशु को प्रदान करती है। ऐसे कई उदाहरण देखने को प्राप्त होते हैं जब गर्भ की परिस्थितियों के कारण शिशु में वीरता, क्रूरता, भीरुता आदि विशेषता पाई गई। इसलिए माँ के आचार, विचार आदि का शिशु पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए माँ को ही प्रथम गुरु की उपमा प्राप्त है। उन्होंने बताया कहते भी हैं जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। स्वर्ग से बढ़कर जननी और जन्मभूमि को माना जाता है। जैन आचार्यों ने कहा है मातेव बालस्य हितानुशास्ता अर्थात माता ही अपनी सन्तान को बिना किसी स्वार्थ भावना के हित का उपदेश देती है। माँ का जीवन कर्तव्य परायणता की जीवन्त प्रति मूर्ति है। माँ से वफादार और ईमानदार इस सृष्टि में कोई दूसरा है ही नहीं। माँ हर परिस्थिति में अपनी सन्तान के साथ देती है, चाहे वातावरण कैसा भी विपरीत क्यों ना हो। माँ के समान कोई दूसरा सम्बन्ध इस पूरे ब्रह्माण्ड में नहीं है जो इतना संवेदनशील और समर्पण से भरा हो।



शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर सार्वजनिक रास्ता कराया गया बहाल

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार तहसील अशोकनगर में मंगलवार को तहसीलदार संतोष धाकड़ की उपस्थिति में राजस्व दल एवं नगर पालिका अशोकनगर के अमले द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्यवाही न्यायालय तहसीलदार, अशोकनगर के प्रकरण के क्रम में की गई।

कस्बा अशोकनगर स्थित शासकीय (सेड़ा) भूमि, सर्वे क्रमांक 770, रकबा 0.052 हेक्टेयर, का विगत लगभग 10 से 12 वर्षों से सार्वजनिक रास्ते के रूप में उपयोग किया जा रहा था। उक्त भूमि पर जूली जैन पत्नी चंचल निर्मल जैन एवं संतोष जैन पुत्र मूलचंद जैन द्वारा किए गए अतिक्रमण को राजस्व एवं नगर पालिका अमले द्वारा हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान मौके पर निर्मित पक्की बाउंड्री को हटाकर शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। इसके पश्चात नगर पालिका की जेसीबी मशीन की सहायता से भूमि को समतल कर पूर्व स्थिति में सार्वजनिक रास्ते के रूप में बहाल किया गया।

प्रमुख सचिव राजस्व ने सीएम हेल्पलाइन और स्वामित्व योजना की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



प्रमुख सचिव राजस्व द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भू-अभिलेख से संबंधित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों एवं स्वामित्व योजना के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने जिलेवार प्रगति की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों का समय- सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने तथा स्वामित्व योजना के कार्यों में तेजी लाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव राजस्व ने सीएम हेल्पलाइन में भू-अभिलेख से संबंधित प्राप्त शिकायतों की विभागवार एवं जिलेवार स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो तथा संबंधित अधिकारी शिकायतों की नियमित रूप से समीक्षा करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान स्वामित्व योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने योजना से संबंधित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला स्तर पर एनआईसी कक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दो शासकीय माध्यमिक विद्यालयों का सांदीपनि विद्यालय में विलय के विरोध में ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर के बीचों बीच स्थित माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 वर्ष 1923 में स्थापित हुआ था। इस विद्यालय ने 100 वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है, यह अशोकनगर शहर के शैक्षणिक इतिहास से विद्यालय है जिसने एक शताब्दी की यात्रा पूरी कर ली है। उसके गौरव को बनाए रखने के स्थान पर उसे समाप्त करने की तैयारी कर ली गई है जिसका विरोध जारी है जिसे लेकर एक ज्ञापन एजूकेशन एक्टिवस्टि एसोसिएसन ने जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा को सौंपा गया है।

इस स्कूल में नगर की नामचीन हस्तियां पूर्व कलेक्टर राजेश जैन एवं तमाम इंजीनियर तथा डॉक्टर एवं राष्ट्रीय स्तर के कवि श्री कृष्ण सरल एवं गिरिजा कुमार माथुर विद्यार्जन कर चुके हैं स्कूल की जर्जर हालत के मध्य नजर वर्ष 2017-2019 तक स्कूल के पूर्व छात्रों ने संगठित होकर इस स्कूल में 7,00,000 लाख खर्च कर इस स्कूल के भवन का जीर्णोद्धार किया है। वर्तमान में स्कूल एवं इसके पास ही स्थित कन्या स्कूल को सांदीपनि विद्यालय टोरिया में मर्जर करने हेतु शासन के आदेश प्रचलन में हैं। नगर वासियों की हार्दिक इच्छा है कि नगर के इस आजादी पूर्व स्थापित स्कूल को यथावत रहने दिया जाए, साथ ही इस स्कूल में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्कूल प्रांगण की विशालता को देखते हुए इसका 10वीं तक या 12वीं तक उन्नयन भी किया जाना उचित होगा। अभी तक संस्था से लगभग 200 पूर्व छात्र जुड़े हुए हैं एवं संस्था द्वारा इस संख्या को और बढ़ाने की मंशा से कार्य जारी है। ज्ञापन देने वालों में संस्था के उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मुख्य सचिव कमल सदाना, एवं सह सचिव नितिन गोयल शामिल थे।

सांदीपनि विद्यालय के छात्रों को यात्रा व्यय दिए जाने की मांग

सांदीपनि विद्यालय टोरिया में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं को घर से ले जाने के लिए शासन द्वारा बस की व्यवस्था किए जाने के निर्देश हैं, किन्तु अशोकनगर जिला मुख्यालय पर सांदीपनि विद्यालय जाने के लिए छात्रों को बस की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है जिसके कारण कमजोर तवके के अध्ययन करने बच्चों के पालकों को आने जाने में स्वयं का वाहनों का उपयोग करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में एसोसिएसन ने मांग की है कि प्रत्येक छात्र को 50 रूपए प्रतिदिन यात्रा व्यय का भुगतान किया जाए।



महिला दल द्वारा निरंतर जारी नपा का वसूली अभियान

अशोकनगर। नगर पालिका द्वारा विशेष वसूली अभियान चलाया जाकर विगत दिनों बड़े बकायादारों से बकाया राशि की वसूली हेतु महिला दल गठित कर वार्डों में वार्ड प्रभारी के साथ भेजने का कार्य किया जा रहा है। दल के द्वारा निरंतर बुधवार एवं गुरुवार में विशेष अभियान के रूप में नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए ऐसे बड़े बकायादारों से संपर्क कर वसूली की जा रही है जिनके द्वारा लंबे समय से संपत्ति कर एवं जलकर की राशि जमा नहीं की गई है उक्त अभियान सीएमओ विनोद उन्नीतान के निर्देशन में लगातार जारी है जिसमें आज बुधवार को वार्ड नंबर 3 में उक्त अभियान चलाया गया साथ ही नगर पालिका द्वारा आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत के दौरान पेनल्टी में छूट का लाभ लेते हुए राशि जमा करने की अपील भी की जा रही है।

मप्र राज्य कर्मचारी संघ तहसील इकाई ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ विकासखंड एवं तहसील शाखा अशोकनगर द्वारा दिया गया। ज्ञापन मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ तहसील अशोकनगर द्वारा प्रांतीय आह्वान पर कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर के ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम अशोकनगर तहसीलदार भारतेंदु यादव को सौंपा गया।

जिसमें शिक्षा विभाग में लागू टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता की समाप्ति एवं पुरानी पेंशन लागू करने, भृत्यों के प्रमोशन में सीपीसीटी की अनिवार्यता समाप्त करने ज्ञापन का बाचन संभागीय अध्यक्ष रघुवीर शर्मा ने किया ज्ञापन सौंपने बालों में जिला कोषाध्यक्ष देवेंद्र रघुवंशी साडोरा तहसील अध्यक्ष विजय सिंह रघुवंशी तहसील सचिव रामबाबू सिंह रघुवंशी ब्लॉक अध्यक्ष राजीव रघुवंशी ब्लाक सचिव मनोज चैरसिया दीपक शर्मा देवीलाल मौर्य अंजनी नंदन गुप्ता अमित रघुवंशी बलवीर रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

खास बातें

- शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग में नवीन शैक्षणिक संवर्ग की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए।
- प्रदेश के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान तिथि से देय महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जाए।
- लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाए।
- सेवा नियमों में दो से अधिक संतान की बाध्यता वाले आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।
- प्रदेश में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी, संविदा व स्थाई कर्मियों को रिक्त पदों के विरुद्ध नियमित किया जाए, इसके बाद ही शेष पदों पर सीधी भर्ती हो। विभागाध्यक्षों को नियमितीकरण के अधिकार दिए जाएं। तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के आउटसोर्स कर्मियों को शासकीय सेवक मान्य किया जाए तथा कार्यभारित कर्मचारियों को अवकाश नकदीकरण का लाभ दिया जाए।
- स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान का पूर्ण लाभ दिया जाए।
- समस्त पंचायत सचिवों का विधिवत संविलियन पंचायत विभाग में किया जाए।
- नवीन नियुक्तियों में 70:-80:-90: स्टाइपेंड की व्यवस्था को माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी जयसिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तीन अज्ञात आरोपियों ने कान्हा पार्क के सामने कोलुआ रोड़ पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महुअन निवासी सीमा जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवन और गुडडी बाई जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है, मुंगावली पुलिस ने मदउखेडी निवासी रामलखन यादव के पास से 10 लीटर और कृष्णपाल यादव के पास से भी 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। बहादुरपुर पुलिस ने ग्राम खाकलोन निवासी गोलू बंजारा के पास से 8 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

जुए के अडडों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले में जुए के अडडों पर छापामार कार्यवाही की गई है, जिले के चंदेरी थाने की पुलिस ने ग्राम नानकपुर में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अजब सिंह लोधी और राशिद खान को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 860 रूपए बरामद किए हैं। इसी प्रकार मुंगावली पुलिस ने ग्राम मीरका बाद में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए मोहरसिंह बागड़ी प्रेमसिंह बागड़ी चरण सिंह बागड़ी को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से ताश की गडडी और 1800 रूपए बरामद किए है। मुंगावली पुलिस ने ही ग्राम रामनगर में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अशोक अहिरवार, उधम बंजार, लक्ष्मी सांसी, चंदन सिंह आदिवासी ,और हरिकिशन आदिवासी को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 1820 रूपए सहित ताश की गडडी बरामद की गई है।

दो राशन की दुकानों पर अनियमित्ता पाए जाने पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी संजीत सिंह ने ग्राम भ्याना और सावलहेड़ा में राशन की दुकानों का निरीक्षण किया था, जिसमें अनियमित्ताएं पाए जाने पर गरीबों के नाम का राशन हड़पने पर मामला दर्ज किया गया है। शासकीय उचित मूल्य की दुकान ग्राम भ्याना का निरीक्षण 2 जून 2026 को किया गया था, अनियमित्ता पाए जाने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा थाने में आवेदन दिया गया था, जिस पर से पुलिस ने दीपा सेन, प्रियंका अहिरवार, मुस्कान अहिरवार, और अरबिंद अहिरवार निवासी महोली के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 3/7 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। इसी प्रकार सावलहेड़ा उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण 24 अगस्त को किया गया था, जिसमें अनियमित्ता पाए जाने पर मुंगावली पुलिस ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की रिपोर्ट पर से आरती बाई अहिरवार, संध्या बाई लोधी, रचना लोधी, के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

कर चोरी की सूचना देकर राजस्व वृद्धि में सहभागी बने

अशोकनगर। मध्यप्रदेश शासन के राज्य कर विभाग द्वारा कर चोरी एवं कर संबंधी अनियमितताओं पर प्रभारी नियंत्रण के लिये नागरिकों से जागरूकता के साथ ऐसी गतिविधियों की सूचना विभाग को उपलब्ध कराने की अपील की गई है। विभाग द्वारा जारी अपील के अनुसार यदि कोई पंजीयन करदाता 500 से अधिक बिक्री पर नियमित रूप से बिल बिना जीएसटी के जारी करता हैं अथवा कोई कंम्पोजीशन करदाता बिक्री बिल पर जीएसटी वसूल करता है अथवा कोई अपंजीयत व्यवसाई निर्धारित टर्न ओवर सीमा से अधिक का कारोबार करता है, तो इसकी सूचना राज्य कर विभाग को दी जा सकती है।

बेटी के विवाह के लिए घर के बक्से में रखे थे साढ़े नौ लाख रुपए

अज्ञात चोर छपरा गांव में घर में घुसे व सोने चांदी के जेवर व नगदी ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम छपरा में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने चोरी की एक बड़ी घटना को अंजाम दिया। इस दौरान चोर नगदी और सोने चांदी के जेबर चोरी कर ले गए। परिवार जनों के अनुसार 20 लाख रूपए की यह चोरी हुई है।

रात को 12 से 2 बजे के बीच घर में चोर घुसे

ग्राम छपरा निवासी वीर सिंह लोधी के घर हुई इस घटना में अज्ञात चोर घर का दरवाजा खोलकर अंदर घुसे, इस दौरान मकान के उपरी हिस्से में परिवार जन सो रहे थे और उसके बगल के कमरे में लोहे के बक्से में यह नगदी और जेबर रखे हुए थे। इस दौरान बदमाशों ने रात 12 से 2 बजे के बीच इस चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर के लोगों को भनक भी नहीं लगी।

रात दो बजे परिवार के लोगों ने आहट मिलने पर देखा

रात 2 बजे परिवार जनों ने जरा सी आहट होने पर जब दरबाजा खोलने का प्रयास किया तो वह बाहर से बंद था जिसके





बाद ब मुश्किल दरबाजा खोला गया, उस दौरान देखा तो दो लोग छत पर नजर आए। परिवार जनों के जागने के बाद यह बदमाश मौके से भाग गए। रात में ही परिवार जनों ने कदवाया पुलिस को चोरी की घटना से अवगत कराया।

बेटी की शादी को लेकर नगदी रूपए रखे हुए थे

घटना के बारे में वीर सिंह लोधी ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी की तैयारियों को लेकर घर में नगदी साढे नौ लाख रूपए अलग अलग थेलियों में बांध कर लोहे की पेटी में रखे थे। इसी पेटी में परिवार की महिलाओं के जेबर भी रखे हुए थे, जिनमें 3 तोले का सोने का हार, एक तोले की सोने की झुमकी, एक तोले का मंगल सूत्र आधे तोले की पुतली और माला के साथ एक पुतली आधा तोले की शामिल है। इसके अलावा 3 किलों चांदी के जेबर चोरी होने की बात भी उन्होंने कही है। जिसमे दो जोड़ी चांदी की पायलें एक कमरपेटा, और 4 जोड़ी चांदी के पटटे शामिल हैं।

बदमाशों ने सारा सामान बाहर फेंका और नगदी व जेवर अपने साथ ले गए



घटना के बारे में वीर सिंह लोधी ने बताया कि वह जिस कमरे में सो रहे थे उसमें उनकी पत्नि और वेटी भी सो रहीं थी, साथ में जो बगल में एक और कमरा है उसमें उनके भाई परमाल सिंह और उनका परिवार सो रहा था। इस दौरान बक्से के अंदर यह सभी जेवर उनके द्वारा रखे गए थे। बदमाशों ने बक्से के अंदर से सारे कपड़े बाहर निकालकर नगदी और जेबर चोरी कर लिए। इस दौरान कमरों के बाहर की कुन्दी भी लगा गए थे। घटना के बाद कदवाया पुलिस भी सुबह मौके पर पहुंची तब तक बदमाश वहां से भाग चुके थे। इस घटना को लेकर यह संभावना जताई जा रही है कि जान पहचान वाले किसी व्यक्ति को इस बात की जानकारी थी यह नगदी रूपए और जेवर घर के अंदर बक्से में रखे हुए हैं। कदवाया थाना प्रभारी मनीष जादौन ने बताया कि वीर सिंह लोधी द्वारा उक्त घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, मामले की जांच की जा रही है।

175 लीटर अवैध कच्ची शराब की जब्त

अवैध शराब के खिलाफ जिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक अंतर सिहं कनेश के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना कचनार, देहात पुलिस द्वारा अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई है। वुधवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम माधौगढ़ में अवैध रूप से कच्ची शराब बनाई जा रही है।

गठित टीम द्वारा ग्राम माधौगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब की सूचना की तस्दीक हेतु सघन तलाशी एवं पतारसी की गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम को अवैध शराब निर्माण से संबंधित सामग्री एवं शराब बनाने के लिए तैयार किया गया महुआ लहान मिला। पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों से कुल 175 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित अवैध कच्ची शराब विधिवत जब्त की गई। बरामद अवैध शराब के संबंध में आबकारी अधिनियम के तहत कुल 03 पृथक-पृथक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इसके अतिरिक्त मौके पर मिली अवैध शराब निर्माण के लिए उपयोग की जा रही शराब बनाने वाली भट्टियां, टंकियां एवं अन्य सामग्री को नष्ट किया गया, साथ ही करीब 4,000 लीटर महुआ लहान को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, जिससे अवैध शराब निर्माण की प्रक्रिया को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। अवैध शराब,महुआ लहान व अन्य सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख रूपये है ।

पॉलीटेक्निक कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पॉलीटेक्निक कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति योजना के संबंध में बताया कि बच्चों और युवाओं पर नशे का गलत असर पड़ता है। छोटी उम्र में ही नशा करने से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास तक रुक जाता है. स्कूलों में ऐसा कई बार देखा गया है, इस वजह से छात्र पढ़ाई पर ध्यान नहीं लगा पाते हैं और अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ करते है।

साथ ही यह भी बताया कि नशा किसी भी प्रकार से तनाव और चिडचिड़े पन को दूर नहीं करता, बल्कि हमारे दिमाग पर उल्टा असर करके हमारे अंदर की भावना को प्रभावित करता है जिसके कारण हमारे दिमाग की क्षमता कम होने लगती है। इसलिए हमें नशे से हमेशा दूर रहना चाहिए। साथ ही गुड टच, बैड टच और पॉक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी। बच्चों को अध्ययन के दौरान समय का सही प्रबंधन, उचित नींद, स्वस्थ भोजन और शारीरिक व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। साथ ही विद्यालय संचालक को निर्देशित किया कि वे एक रजिस्टर रखें, जिसमें किसी भी विद्यार्थी को कोई परेशानी हो तो वह अपना नाम लिखे बिना ही समस्या दर्ज कर सकता है। निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक सलाह, बाल विवाह निषेध, नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100, लीगल एड डिफेंस काउंसल योजना, 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त शिविर में कॉलेज के प्राचार्य बीके गुप्ता व लीगल एड डिफेंस काउंसल डिप्टी रफीक खान एवं पैरालीगल वालंटियर विवेक यादव उपस्थित रहे।



सकल हिंदू समाज ने विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस मनाया

अशोकनगर। सकल हिंदू समाज द्वारा विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर संगठन के उद्देश्यों एवं स्थापना के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 29 अगस्त 1964 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मुंबई के संदीपनी साधनाश्रम (पवई) में संतों, आचार्यों एवं हिंदू समाज के प्रमुख लोगों के मार्गदर्शन में हुई थी। उन्होंने बताया कि संगठन की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, हिंदू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करना, समाज में समरसता स्थापित करना तथा सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए कार्य करना है। आज आवश्यकता है कि समाज आपसी भेदभाव को समाप्त कर एकजुटता, सेवा और सद्भावना के साथ आगे बढ़े।

स्कूल के सामने शराब दुकान हटाने की मांग, कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

नगर में संचालित शराब दुकानों को लेकर जिला कलेक्टर से शिकायत सामने आई है। वार्ड क्रमांक-1 निवासी काजल किरण महेंद्र कोली ने 8 सितंबर 2026 को अशोकनगर कलेक्टर को ई-मेल के माध्यम से शिकायत भेजकर चंदेरी की शराब दुकानों की जांच कराने तथा हरकुंड चंगी नाका स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय के ठीक सामने संचालित शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है।

जांच कराने की मांग

शिकायत में हाल ही में सागर जिले के बांदा में जहरीली/नकली शराब से हुई मौतों का हवाला देते हुए चंदेरी में भी शराब के सैंपलों की प्रयोगशाला जांच कराने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि नगर में वर्तमान में दो देशी-विदेशी शराब दुकानें संचालित हैं और वहां से बिकने वाली शराब के सैंपलों की जांच कराया जाना आवश्यक है।

खास बातें

- चंदेरी की दोनों शराब दुकानों से शराब के सैंपल लेकर तत्काल प्रयोगशाला जांच कराई जाए।
- स्कूल के सामने संचालित शराब दुकान को आबादी एवं छात्रहित को देखते हुए नगर से बाहर नियमानुसार स्थानांतरित किया जाए।
- दुकानों पर सीसीटीवी, रेट लिस्ट और ओवर रेटिंग की जांच कराई जाए।

विद्यालय के सामने शराब दुकान को लेकर उठाए सवाल

शिकायत में विशेष रूप से हरकुंड चंगी नाका के पास शासकीय प्राथमिक विद्यालय के सामने संचालित शराब दुकान को लेकर आपत्ति जताई गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार स्कूल के सामने शराब दुकान होने से छोटे बच्चों, छात्र-छात्राओं और महिलाओं पर सामाजिक प्रभाव पड़ रहा है। शराबियों की भीड़, अभद्र भाषा और आवागमन के कारण बच्चों में भय एवं असुरक्षा का वातावरण बनने की बात भी शिकायत में कही गई है। षिकायतकर्ता ने आबकारी विभाग से दुकानों की सीसीटीवी व्यवस्था, रेट लिस्ट और ओवर रेटिंग की भी जांच कराने की मांग की है।
कलेक्टर से तीन प्रमुख मांगें

चाय की दुकान में जा घुसी अनियंत्रित कार

अशोकनगर। बहादुरपुर में बुधवार सुबह कस्बे के नया बाजार में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक अनियंत्रित कार सड़क छोड़कर एक चाय की दुकान में जा घुसी। जब यह घटना हुई तो दुकान पर चार-पांच लोग बैठे हुए थे। जिनमें अफरा-तफरी मच गई। कार एक के बाद एक तीन मोटरसाईकिलों को टक्कर मारते हुए अरविंद तिवारी की चाय की दुकान के काउंटर से जा टकराया। इस घटना में कार चालक चोटिल हो गया। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। हालांकि इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से थाने में षिकायत नहीं की गई है।



अशोक अर्गल भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश के राज्य मुख्य आयुक्त बने, दी बधाईं



अशोकनगर। भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश के अशोक अर्गल के राज्य मुख्य आयुक्त बनने पर भारत स्काउट गाइड जिला संघ अशोकनगर के समस्त पदाधिकारियो में खुशी की लहर दौड़ गाईं और जिला स्तरीय बैठक रख कर जिले की कार्य योजना बना कर उसे अन्तिम रूप दिया और अर्गल जी 5 बार सांसद मुरैना के महापौर और दूसरी बार राज्य मुख्य आयुक्त बनने पर मिठाई खिलाई गई. इस अवसर पर मनोज जैन जिला अध्यक्ष दया सिंह संन्धु जिला मुख्य आयुक्त अबधेश शर्मा जिला कमिशनर मुकेश शर्मा जिला सचिब शामिष्ठा जगताप डी.ओ.सी. गाइड,जितेन्द्र योगी, रविन्द्र भारद्वाज, जितेन्द्र रघुवंशी,रमेश पाराशर, राजकुमार रघुबंशी, नितिन भार्गव, गौतम कौशल, जितेन्द्र शर्मा आदि ने ढेर सारी बधाई शुभकामनायें दी है।

आधुनिक ऑटो स्वीपिंग मशीन से होगी सड़क सफाई, साथ ही पानी का छिड़काव

धूल और कचरे से राहत दिलाने नपा की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शहर को स्वच्छ, सुंदर और धूलमुक्त बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद अशोकनगर ने एक और महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। नगर पालिका द्वारा आधुनिक ऑटो स्वीपिंग मशीन का उपयोग शुरू किया गया है। यह मशीन सड़कों पर जमा धूल, कचरे और गंदगी को साफ करने के साथ-साथ पानी का छिड़काव भी करेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से बेहतर बनाने के उद्देश्य से इस मशीन को उपयोग में लाया गया है। मशीन सड़क पर चलते हुए धूल, मिट्टी और किनारों पर जमा छोटे-छोटे कचरे को एकत्र कर सड़क को साफ करेगी। इस मशीन की खासियत यह है कि सफाई के दौरान इसके माध्यम से पानी का छिड़काव भी किया जाएगा, जिससे सड़क पर जमा धूल उड़ने की समस्या काफी हद तक कम होगी। इससे सफाई के दौरान धूल का गुबार नहीं उठेगा और वाहन चालकों, राहगीरों एवं आसपास के रहवासियों को भी राहत मिलेगी।

नगर पालिका द्वारा आने वाले दिनों में शहर के प्रमुख मार्गों, व्यस्त सड़कों और अधिक धूल वाले क्षेत्रों में इस आधुनिक मशीन का नियमित उपयोग किया जाएगा। इसका उद्देश्य सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ शहरवासियों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, गोपाल ओझा, जयप्रकाश अग्रवाल, राकेश शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान बाबा शिवहरे, निक्की दुआ, शिव शर्मा सहित नागरिक गण उपस्थित रहें।

पर्युषण महापर्व पर श्रावक अनिल ने कहा...

'जैन धर्म में कर्मों का विशेष स्थान है जिसका पालन हमें करना चाहिए'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पर्वधिराज पर्युषण महापर्व पर श्रावक अनिल ने अपने उद्बोधन में कर्मों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैन धर्म में कर्मों का विशेष स्थान है। प्रत्येक मनुष्य को अपने कर्मों के अनुसार ही फल प्राप्त होता है। इसलिए हमें सदैव अपने विचार, वाणी एवं कर्मों को शुद्ध रखने का प्रयास करना चाहिए।

कर्मों के मुख्य बिंदु

भौतिक स्वरूप जैन दर्शन के अनुसार कर्म अदृश्य और अति सूक्ष्म कणों (कार्मण वर्गणा) के रूप में चारों ओर मौजूद रहते हैं।आत्मा से बंधन जब हम कोई अच्छा या बुरा विचार, वचन या शारीरिक कार्य करते हैं (विशेषकर कषाय क्रोध, मान, माया, लोभ के साथ), तो ये कर्म कण चुंबक की तरह हमारी आत्मा से चिपक जाते हैं। स्वभाव का आवरण कर्म वह आवरण हैं जो आत्मा के मूल स्वभाव (अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत सुख और वीर्य/शक्ति) को प्रकट नहीं होने देते।पुनर्जन्म का कारण यही कर्म





बंधन जीव के जन्म-मरण (संसार चक्र) और उसके सुख-दुख का मुख्य कारण बनता है। कर्म के आठ प्रकार जैन धर्म में मुख्य कर्म 8 प्रकार के बताए गए हैं ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयुष्य, नाम, गोत्र और अंतराय। श्रावक जी ने सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक धर्म सभा में समस्त समस्त श्रावक एवं श्राविकाओं को समझाया श्रावक श्री ऋषभ जी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि माता-पिता भगवान के दूसरे रूप हैं। यदि हम श्री गिरनार जी, श्री पालीताणा अथवा अन्य तीर्थों की यात्रा करने में सक्षम नहीं हैं, तो अपने माता-पिता की सेवा अवश्य करें। माता-पिता की सच्ची सेवा करने से अनेक तीर्थों की यात्रा का पुण्य लाभ प्राप्त होता है। श्रावक श्री जी ने कहा भारतीय संस्कृति में माता-पिता को साक्षात ईश्वर का रूप यानी श्मातृ देवो भव, पितृ देवो भवश माना गया है। माता-पिता को भगवान का स्वरूप मानने के मुख्य कारण इस प्रकार हैं

प्रथम गुरु बच्चे के जीवन में संस्कार, अच्छे-बुरे की पहचान और सही मार्ग दिखाने का काम सबसे पहले माता-पिता ही करते हैं।

प्रत्यक्ष दर्शन भगवान हमें नजर नहीं आते, लेकिन माता-पिता वह जीवित और प्रत्यक्ष शक्ति हैं जो हर परिस्थिति में हमारी रक्षा और सहायता करते हैं।

दोपहर में हुई श्री शांति स्नात्र पूजन

श्रावक जी के सानिध्य में श्री श्वेतांबर जैन मंदिर में श्री शांति नाथ की पूजा का विशेष आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी वर्ग के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर लाभ लिया पर्वधिराज पर्युषण महापर्व के इन आठ दिवसों में भगवान का विशेष आगी रचना (श्रृंगार) होगी जो कि उज्जैन से पधारे कलाकार द्वारा की जाएगी एवं पूरे देरासर को दीपो एवं आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। आज की अंगी के लाभार्थी श्री कारण हरीश जी सुराना परिवार ने लिया है।

अनुमति के सवाल पर नगर परिषद और एमपीआरडीसी आमने-सामने

नगर सहित स्टेट हाईवे व प्रधानमंत्री सड़क पर रिफ्लेक्टर-स्पीड ब्रेकर पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर की सड़कें बड़े-बड़े गड्ढों से जूझ रही हैं। स्टेट हाईवे और प्रधानमंत्री सड़क की हालत भी वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। लेकिन नगर परिषद की प्राथमिकता पर सवाल तब खड़े हो गए, जब गड्ढों से जूझ रही करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क पर लगभग 19 स्पीड ब्रेकर लगा दिए गए।

इतना ही नहीं, नगर सहित विभिन्न सड़कों पर करीब 19 लाख रुपए की लागत से रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाने का काम किए जाने की बात सामने आई है। नगर पालिका ने सड़क के गड्ढों की मरम्मत छोड़ स्पीड ब्रेकरों की भरमार ला दी है। डेढ़ किलोमीटर सड़क पर करीब 19 स्पीड ब्रेकर लगाए जाने से वाहन चालकों के भी सवाल उठ रहे हैं।

जिस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं, वहां पहले सड़क की मरम्मत होना जरूरी थी या स्पीड ब्रेकर लगाए जाना? लोगों का कहना है कि सड़क की मूल समस्या दूर करने के बजाय जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाकर आखिर किस समस्या का समाधान किया जा रहा है? यदि उद्देश्य सड़क सुरक्षा है तो गड्ढों को छोड़कर सिर्फ स्पीड ब्रेकर लगाना किस तरह की सड़क सुरक्षा व्यवस्था है?

जब अनुमति ही नहीं तो किसके आदेश पर हुआ काम?

यहीं से पूरे मामले पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है। यदि सड़क एमपीआरडीसी के अधीन है और विभाग के अनुसार उससे कोई अनुमति नहीं ली गई, तो नगर परिषद ने किस आधार पर वहां स्पीड ब्रेकर लगवाए?और यदि नगर परिषद का दावा है कि नगरीय सीमा में उसे स्पीड ब्रेकर लगाने का अधिकार है, तो फिर संबंधित सड़क एजेंसी को इसकी जानकारी या अनुमति की जरूरत क्यों नहीं समझी गई?क्या नगर परिषद की सीमा में आते ही किसी भी विभाग की सड़क पर बिना संबंधित एजेंसी की अनुमति के मनमाने तरीके से स्पीड ब्रेकर लगाए जा सकते हैं?

स्पीड ब्रेकर बनाने में कर दिए 19 लाख खर्च का जवाब कौन देगा?

नपा ने करीब 19 लाख रुपए के रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाने के काम ने खर्च की उपयोगिता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर इस राशि का प्रस्ताव किसने बनाया? किस मद से भुगतान किया गया? कार्यादेश किसके द्वारा जारी हुआ? कितने स्पीड ब्रेकर और रिफ्लेक्टर लगाए गए? उनकी दर क्या रही? और सबसे अहमकृक्या काम शुरू करने से पहले आवश्यक तकनीकी एवं विभागीय स्वीकृतियां ली गई थीं?इन सवालों के जवाब सामने आना जरूरी है।

अनुमति पर सीएमओ और एमपीआरडीसी आमने-सामने

स्टेट हाईवे अगर नगरीय सीमा में आता है, तो नगर परिषद स्पीड ब्रेकर लगा सकती है, इसमें किसी भी विभाग की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है।

-देवेंद्र वत्स, मुख्य नगर परिषद अधिकारी माचलपुर

एमपीआरडीसी से किसी तरह की परमिशन नहीं ली गई है। रोड पर इतने स्पीड ब्रेकर लगाना बिल्कुल भी उचित नहीं है। मैं इस संबंध में सीएमओ से बात करता हूँ।

-ईश्वर चांदेली, डीएम एमपीआरडीसी राजगढ़

संत केभक्तों ने सुरक्षा देने व आरोपी को पकड़कर दंड देने की रखी मांग

पं. कमल नागर को मिली धमकी के विरोध में नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मालवा माटी के प्रख्यात संत पंडित कमल किशोर नागर को विगत दिनों कथा के दौरान एक पत्र से मिली धमकी के विरोध में उनके अनुयायियों में खासा आक्रोष व्याप्त है। इसी के चलते संत श्री नागर को सुरक्षा देने एवं उक्त धमकी देने वाले को पकड़कर यथोचित कार्रवाई के लिए अनेक भक्तों ने बुधवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अजाक डीएसपी नेहा गौर को एक ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि गत 4 सितंबर पंडित नागर झाबुआ जिले के भूरा डाबरा स्थित गुरू कृपा शबरी गौशाला में रात्रिकालीन कथा कर रहे थे। इस दौरान भेंट स्वरूप प्राप्त प्रसाद, शॉल, श्रीफल आदि सामग्री के बीच धमकी भरी चिट्ठी मिली। इसमें पंडित नागर को धमकी दी गई थी।

महाराज रुकवा रहे धर्मांतरण इसलिए मिली धमकी

एसपी ऑफिस पहुंचे गौ भक्त मंडल खिलचीपुर, जीरापुर भक्तों ने बताया कि पंडित नागर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में लगातार हो रहे धर्मांतरण के खिलाफ अलख जगा रहे हैं। इसके साथ ही अनेकों लोगों की हिन्दू धर्म में वापसी श्री नागर ने करवाई है। यह बात धर्मविरोधियों के गले नहीं उतर रही और वे आवाज दबाने धमकियां दे रहे हैं। ऐसे में धमकी भरे उक्त पत्र को गंभीरता से लेते हुए संत श्री की सुरक्षा और आश्रम की सुरक्षा की मांग करते हुए संबंधित दोषी पर कार्रवाई की मांग भी रखी गई है।

मंदिर से बटेरी माता तक पथ बनाने पर चर्चा की

खोयरी मंदिर ट्रस्ट का पुनर्गठन, कलेक्टर रहेंगे अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर की उपस्थिति में बुधवार दोपहर खोयरी महादेव मंदिर परिसर में ट्रस्ट के पुनर्गठन संबंधी बैठक आयोजित की गई। नवगठित ट्रस्ट में कलेक्टर को अध्यक्ष बनाते



हुए डीएफओ, पुलिस अधीक्षक, सांसद एवं राजगढ़ विधायक को भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही गोपाल विजयवर्गीय उपाध्यक्ष, देवेंद्र बैस उपाध्यक्ष, प्रवीण सिंह पंवार सचिव, हेमेंद्र शर्मा सह-सचिव, बालकिशन गुप्ता कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके साथ ही पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा एवं अधिवक्ता एचबी व्यास संरक्षक रहेंगे।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविरों में प्रसूताओं की निशुल्क सोनोग्राफी के लिए दिए गए ई-टिकट



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत बुधवार को जिले की 10 प्रमुख स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंची गर्भवती महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच कराई और आवश्यक उपचार प्राप्त किया। शिविरों के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने व्यवस्थाओं को देखा और गर्भवती महिलाओं को त्वरित राहत देने के उद्देश्य से उनके ई-टिकट जनरेट करवाए। इन टिकटों के माध्यम से महिलाएं चिन्हित निजी सोनोग्राफी सेंटरों पर जाकर पूरी तरह निःशुल्क सोनोग्राफी करा सकेंगी। अधिकारियों के अनुसार ई-टिकट जनरेट होने के बाद संबंधित महिला आगामी 7 दिनों की समयावधि के भीतर अपनी निःशुल्क सोनोग्राफी करवा सकती है।

निजी सेंटर पर निःशुल्क होगी सोनोग्राफी

सीएमएचओ डॉ. पटेल ने बताया कि ई-टिकट जनरेट होने के बाद संबंधित महिला आगामी 7 दिनों की समयावधि के भीतर अपनी निःशुल्क सोनोग्राफी करवा सकती है। यह निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा किसी भी निजी सेंटर पर पहुंचकर ली जा सकती है। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है।

नेहरू बालोद्यान में जमा बारिश का पानी, डेंगू के मच्छरों का बढ़ा खतरा

पार्क में जलभराव से लोग परेशान, ओपन जिम व पार्क बंद, पानी निकासी नहीं होने से नाराजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सिविल अस्पताल के सामने वार्ड 08 में स्थित नेहरू बालोद्यान पार्क इन दिनों जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। बारिश थमने के बाद भी पार्क परिसर में बड़ी मात्रा में पानी जमा है। लंबे समय से जमा पानी अब मच्छरों के पनपने का कारण बन रहा है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में डेंगू सहित मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान पार्क में पानी भर जाता है, लेकिन जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से समस्या बनी रहती है। इस बार भी बारिश का पानी पार्क में जमा है और कई दिनों



बाद भी इसकी निकासी नहीं हो सकी है। तस्वीर में भी पार्क के पैदल मार्ग पर पानी भरा हुआ दिखाई दे रहा है। वही नेहरू बालोद्यान में सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग टहलने पहुंचते हैं। इसके अलावा पार्क में बने ओपन जिम का भी लोग नियमित रूप से उपयोग करते हैं। जलभराव और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के चलते फिलहाल पार्क को बंद रखा गया है, जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा समय रहते पानी की निकासी और मच्छर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जमा पानी में मच्छरों के लार्वा पनपने की आशंका के बीच लोगों ने जल्द पानी निकलवाने और दवा का छिड़काव कराने की मांग की है।

बजार में अतिक्रमण हटाने निकला नपा अमला सामान जब्त कर दुकानदारों को चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर में दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण और फुटपाथ पर बैठकर कारोबार करने वालों के खिलाफ बुधवार को नगर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई की। नगर पालिका के अमले ने विभिन्न मार्गों पर पहुंचकर सड़क व फुटपाथ पर रखा सामान हटवाया। इस दौरान कई व्यापारियों का सामान जब्त किया गया, जबकि कुछ लोगों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश देकर छोड़ दिया गया।

कार्रवाई के दौरान शराब ठेके के बाहर लगी अंडे की घूमटी सहित फुटपाथ पर बैठे कई व्यापारियों के सामान को नगर पालिका अमले ने जब्त किया। वहीं पुराने एबी रोड और अकोदिया नाका क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। सड़क और फुटपाथ पर सामान रखकर व्यवसाय करने वालों को हटाया गया, जिससे कुछ समय के लिए क्षेत्र में हलचल का माहौल रहा। हालांकि कार्रवाई को लेकर नगर में अलग-अलग चर्चाएं भी सामने आईं। कुछ लोगों का कहना था कि अतिक्रमण



हटाने की कार्रवाई शुरू होने के बाद जल्द ही इतिश्री कर दी गई, जबकि अकोदिया नाका और पुराने एबी रोड पर कार्रवाई अपेक्षाकृत सख्त नजर आई। वहीं कुछ व्यापारियों ने अचानक कार्रवाई किए जाने और पूर्व सूचना अथवा नोटिस नहीं दिए जाने की बात भी कही। अब सवाल यह उठ रहा है कि नगर पालिका की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई सभी क्षेत्रों में समान रूप से चलेगी या फिर कुछ स्थानों तक ही सीमित रहेगी। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका आरआई राजकुमार गिरजे, गोकुल पुष्पद, सतीश कंडारे, जितेंद्र दवारे सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा।

23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

राज्य कर्मचारियों ने की पुरानी पेंशन व टीईटी समाप्त करने की प्रमुख मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ आव्हान परमंगलवार खुजनेर तहसील इकाई द्वारा तहसीलदार खुजनेर के माध्यम से प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव (मध्य प्रदेश शासन) के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया। तो प्रदेश भर के कर्मचारियों में पनप रहा असंतोष किसी भी समय बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। कर्मचारी संघ के अनुसार, मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं और कर्मचारी हितैषी वादों के बावजूद अभी तक कई महत्वपूर्ण आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से नए वेतन आयोग का गठन और दो से अधिक संतान की बाध्यता समाप्त करने जैसे विषय लंबित हैं। पुरानी पेंशन योजना वरिष्ठता के साथ लागू कर ग्रेच्युटी 25 लाख की जाए। नवीन शैक्षणिक संवर्ग की सेवा अवधि नियुक्ति दिनांक से गिनी जाए। केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिया जाए। लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान मिले। दो से अधिक संतान की बाध्यता का आदेश निरस्त हो। दैनिक वेतनभोगी, संविदा, स्थायी कर्मियों का नियमितीकरण कर आउटसोर्स कर्मियों को शासकीय सेवक माना जाए।

टेट परीक्षा को लेकर राज्य कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा



जीरापुर। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर टेट परीक्षा एवं अन्य मांगों को लेकर तहसील कानूनगों शिवनन्दन दांगी को प्रधानमंत्री , मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।संघ ने प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित 25 न्यायोचित मांगों पर शीघ्र आदेश जारी करने की मांग की। संघ ने उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई कर्मचारी हितैषी घोषणाओं के बावजूद स्वास्थ्य बीमा योजना, कर्मचारी आयोग के गठन और दो संतान की बाध्यता समाप्त करने जैसे मामलों में अब तक कार्रवाई नहीं हुई।

प्रमुख मांगें

पुरानी पेंशन योजना वरिष्ठता के साथ बहाल हो व ग्रेच्युटी सीमा 25 लाख की जाए, केंद्र के समान महंगाई भत्ता, लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान साथ ही दो संतान की बाध्यता का आदेश निरस्त हो , दैनिक वेतनभोगी, संविदा, स्थायी व आउटसोर्स कर्मियों का नियमितीकरण, पंचायत सचिवों का पंचायत विभाग में संविलियन, कृषि विस्तार अधिकारियों की वेतन विसंगति दूर करना और शिक्षकों को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति देना।इसके अलावा टेट परीक्षा समाप्ति के लिए विशेष सत्र बुलाने, अनुकंपा नियुक्ति, ई-अटेंडेंस में सुधार और विभिन्न विभागीय संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग भी शामिल है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा , जिला संगठन मंत्री फुलसिंह वर्मा , आराधना शर्मा मौजूद रहे।

वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर अभाविप ने मनाया गौरव उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के गौरवपूर्ण अवसर पर बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शासकीय भानूप्रकाश सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहगढ़ इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, अभिभावक, युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य उपस्थिति नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा की रही, जबकि विशेष उपस्थिति अभाविप राजगढ़ सीहोर विभाग संगठन मंत्री देशराज नारौलिया की रही, वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद व सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा ने कहा विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अध्ययन करके राष्ट्रहित में कार्य करने का आग्रह किया उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चेतना, स्वतंत्रता संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण का अमर उद्घोष है। इसके 150 वर्ष पूर्ण होना प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। अभाविप के विभाग संगठन मंत्री देशराज नारौलिया ने युवाओं को राष्ट्रहित में आगे बढ़ने और देश की एकता, अखंडता एवं संस्कृति को मजबूत करने का आह्वान किया, उन्होंने कहा कि वर्षों तक वन्देमातरम का कांग्रेस ने अपमान किया अपूर्ण वन्देमातरम गाने दिया, वन्देमातरम मात्र गीत नहीं यह मंत्र है। आभार अभाविप नरसिंहगढ़ नगर मंत्री भूपेंद्र गुर्जर चांदना ने व्यक्त किया, इस दौरान मंच पर अभाविप जिला छात्रा प्रमुख मुस्कान वर्मा भी उपस्थित रही।

आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने बिजासन धाम में किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी भैंसवा माताजी स्थित मां बिजासन धाम पहुंचे। उन्होंने मां बिजासन के दर्शन-पूजन कर विश्व कल्याण एवं सद्भावना की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे मंदिर निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं को लेकर उपस्थित समाजसेवियों एवं समिति सदस्यों से चर्चा की।निरीक्षण के दौरान सुरेश सोनी ने कहा कि मंदिर केवल देव स्थान नहीं होते, बल्कि समाज जीवन की दिशा तय करने वाले विभिन्न आयामों के केंद्र भी होते हैं। इसी सोच के साथ मां बिजासन धाम के सर्वांगीण विकास की दिशा में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। माता धाम परिसर में नक्षत्र वाटिका, योगशाला, यज्ञशाला, वैदिक संस्कृत पाठशाला, धन्वंतरि उद्यान, परिक्रमा मार्ग, प्रगति संस्थान, ग्रामीण आजीविका प्रशिक्षण केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिथि विश्राम गृह, ग्रामीण पर्यटन, गौशाला सहित मां भगवती का उद्गम स्थल, दूध तलाई, गुरु गोरक्षनाथ जी की तपोस्थली एवं धुना स्थल तथा कथा पंडाल जैसे विभिन्न आयामों को विकसित किया जा रहा है।

पर्यावरण और जल संरक्षण पर दिया जोर

सुरेश सोनी ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर पहाड़ियों पर किए गए वृक्षारोपण कार्यों का भी अवलोकन किया। पौधों की सुरक्षा के लिए की गई फेंसिंग की व्यवस्था को देखा। उन्होंने जल संरक्षण के लिए तालाबों के गहरीकरण के साथ वाटर रिचार्ज प्रणाली विकसित करने तथा पहाड़ियों पर वाटर रिचार्ज ड्रेन बनाए जाने पर जोर दिया।

नन्ही बालिका ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



शिक्षा, ज्ञान को बढ़ावा देने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों को तैयार करने के उद्धेश्य से किए जा रहे प्रशासनिक प्रयासों की कड़ी में जिले की भाटखेड़ी ग्राम पंचायत में नवीन पुस्तकालय का निर्माण करवाया गया है। स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर बने इस पुस्तकालय का बुधवार को विधि-विधान से उद्घाटन करवाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने एक नन्हीं बालिका से फीता कटवाते हुए पुस्तकालय आरंभ करवाया। पुस्तकालय का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं युवाओं को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण, पुस्तकें उपलब्ध कराना है।

धर्म को प्रकृति से जोड़ने का किया गया प्रयास

पर्यावरण बचाने बच्चों ने मिट्टी से बनाईं ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

गणेश उत्सव के साथ पर्यावरण संरक्षण की भावना समाहित करने के उद्धेश्य से नगर के के.के. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रतिमाएं पूरी तरह मिट्टी से बनाई गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मिट्टी से भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को बनाना सीखा। प्रशिक्षण के उपरांत छात्र-छात्राओं ने 100 से अधिक मूर्तियां तैयार की हैं। इस पहल का उद्धेश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना था। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य तेजेंद्र उपाध्याय ने बच्चों को संबोधित करते



हुए कहा कि आने वाले गणेश उत्सव में हम सभी को अपने घरों में पर्यावरण अनुकूल मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं की ही स्थापना करनी चाहिए। यदि प्रतिमा अपने हाथों से बनाकर स्थापित की जाए तो यह पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हमारी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का और भी सुंदर माध्यम होगा।

प्रकृति के लिए नुकसानदायक है पीओपी

स्कूल प्राचार्य ने बच्चों को समझाया कि पीओपी(प्लास्टर ऑफ पेरिस) एवं अन्य रासायनिक रंगों से बनी प्रतिमाओं के स्थान पर प्राकृतिक मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का उपयोग करने से जल स्रोतों और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं मेघा रानी मेवाड़े, अलीशा, भगवती त्यागी, भगवती पवार सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिमा निर्माण में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि आगामी 15 सितंबर मंगलवार से गणेशोत्सव का आगाज होने जा रहा है।

प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने के लिए निकाली जनजागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने और ग्रामीणों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने ग्राम बाबल्दा में जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली मिडिल स्कूल से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य चैराहे सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस मिडिल स्कूल पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों ने प्लास्टिक का उपयोग कम करने, गांव में स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का लिया संकल्प

रैली के दौरान ग्रामीणों ने गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया। अभियान के माध्यम से लोगों से अपील की गई कि वे प्लास्टिक का उपयोग न करें और अन्य लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें।रैली के समापन के बाद विद्यालय में छात्र-छात्राओं, स्टाफ एवं उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों के लिए टोली की ओर से अल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस दौरान गांव के वरिष्ठजनों ने उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन करते हुए पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।